दिनांक: 19.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के तहत प्रदेश के बारह संसदीय क्षेत्रों में मतदान जारी है। सुबह साढे 11 बजे तक 22 दशमलव पांच एक फीसदी वोट डाले गये। सबसे ज्यादा 27 दशमलव सात प्रतिशत मतदान श्रीगंगानगर सीट पर हुआ। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान की गति नौ बजे तक 10 दशमलव छह सात प्रतिशत रही। शाम छह बजे तक पोलिंग बूथ परिसर में पहुंचने वाले मतदाता वोट डाल सकेंगे। पहले चरण में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर सीटों के लिए मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाने के लिए पोलिंग बूथों पर त्योहारी रौनक नजर आ रही है।
पहली बार वोट डालने वाले नव मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर प्रमाण पत्र दिये जा रहे हैं।
दौसा के बापी गांव में लोकतंत्र के जश्न की आकर्षक तस्वीर देखने को मिली। यहां स्त्री, पुरूष और बुजुर्ग मंगल गीत गाते हुए वोट बारात के माध्यम से मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हुए। प्रदेश के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे ही अनूठे नजारे देखने को मिल रहे हैं। ऊंट गाड़ियों में समूह में भी लोग मतदान केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। रंग बिरंगे परिधानों में सजे मतदाताओं की शोभा अलग ही नजर आ रही है।
अलवर और चूरू में तीन पीढ़ियों ने एक साथ उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी जिम्मेदारी निभायी। मतदान केन्द्रों पर बने सेल्फी बूथों पर तस्वीर उतारकर लोग इस पल को यादगार बना रहे हैं। अलवर के किशनगढ़ बास में बना मॉडल पोलिंग बूथ आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इसमें विरासत और ऐतिहासिक स्थलों का सुंदर प्रदर्शन किया गया है।
नीम का थाना के भूदोली गांव और हनुमानगढ़ सजे धजे नए नवेले वर वधु मतदान उत्सव में भागीदारी के लिए पहुंचे।
होम वोटिंग की सुविधा के विकल्प के बावजूद कई बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान कर रहे हैं।
राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर में वोट डाला और लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जयपुर में तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशी सहित अन्य उम्मीदवार भी उंगली पर निशान राष्ट्र के नाम लगाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर मतदान की स्याही लगी उंगली दिखाने पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों की ओर से कई तरह की रियायतें और ऑफर्स दिये जा रहे हैं।
पहले चरण में प्रदेश में ढाई करोड़ से अधिक मतदाता 114 उम्मीदवारों के सियासी भविष्य का फैसला कर रहे हैं। कुल 24 हजार 370 पोलिंग बूथों में से 12 हजार 660 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।

....

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान दिवस पर आज मतदान की ताज़ा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी जयपुर से विशेष समाचार बुलेटिन प्रसारित होंगे। पांच–पांच मिनट के ये बुलेटिन दोपहर तीन बजे हिन्दी में और शाम पांच बजे राजस्थानी में प्रसारित किये जाएंगे।

....

आम चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह पाली जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शाह शाम को उदयपुर में रोड़ शो भी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज बालोतरा में जनसभा करेंगे। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के

स्टार प्रचारक सचिन पायलट आज टोंक–सवाईमाधोपुर सीट से उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करेंगे।

....

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल करेंगे। आज का संदेश हमें अजमेर के श्रोता ने भेजा है।

....